परिक्षेत्रीय कार्यालय,
परिक्षेत्र बस्ती

प्रेस नोट
दिनांक – 15-11-2026

- **मण्डलायुक्त व डीआईजी बस्ती द्वारा छठ महापर्व के दृष्टिगत छठ घाट का निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया गया जायजा।**
- **संबंधित को दिए गये आवश्यक दिशा-निर्देश।**

आज दिनांक 15.11.2026 को मण्डलायुक्त बस्ती श्री वैभव श्रीवास्तव एवं पुलिस उपमहानिरीक्षक बस्ती परिक्षेत्र बस्ती श्री संजीव त्यागी द्वारा जिलाधिकारी बस्ती श्रीमती कृत्तिका ज्योत्सना एवं पुलिस अधीक्षक बस्ती श्री ओमवीर सिंह के साथ छठ महापर्व के दृष्टिगत जनपद बस्ती स्थित अमहट घाट एवं नगरकस्बा (निर्बलीकुंड) घाट का भ्रमण कर सुरक्षा एवं व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया।

भ्रमण के दौरान घाटों पर श्रद्धालुओं की संभावित भीड़ के दृष्टिगत सुरक्षा व्यवस्था, बैरिकेडिंग, प्रकाश व्यवस्था, आवागमन के मार्गों एवं यातायात प्रबंधन की व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया। साथ ही घाटों पर श्रद्धालुओं की सुविधा एवं सुरक्षा हेतु किए गए प्रबंधों की समीक्षा की गयी।

इस दौरान संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि घाटों पर पर्याप्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित करते हुए भीड़भाड़ वाले स्थानों पर विशेष सतर्कता बरती जाए। घाटों पर गोताखोरों एवं जल पुलिस की पर्याप्त व्यवस्था सुनिश्चित करने के साथ ही किसी भी आपातकालीन परिस्थिति से निपटने हेतु आवश्यक बचाव संसाधन उपलब्ध रखे जाएं।

डीआईजी बस्ती द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि छठ महापर्व के दौरान सभी संबंधित विभाग आपस मे समन्वय स्थापित कर पूर्ण सतर्कता एवं मुस्तैदी के साथ कार्य करें तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं सुविधा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए छठ महापर्व को सकुशल, शांतिपूर्ण एवं सुरक्षित वातावरण में सम्पन्न कराये।

इस दौरान अपर पुलिस अधीक्षक बस्ती व सहायक पुलिस अधीक्षक/ क्षेत्राधिकारी सदर ,क्षेत्राधिकारी कलवारी व पुलिस विभाग के अन्य अधिकारी/कर्मचारीगण मौजूद रहे।

मीडिया सेल
परिक्षेत्र बस्ती